हरिभूमि - कांकेर भूमि
रायपुर, सोमवार, 14 अक्टूबर 2024
भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गुकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा

तापमान
अधिकतम 33.0 डिग्री
न्यूनतम 23.0 डिग्री

11 विधायक की पहल पर बुधराम व खोगुराम...


11 ढोल नगाड़े व गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा की विदाई







B.M. COLLEGE
B.Ed.
कोड-114336
ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन
अंतिम तिथि-14/10/24
गोकुल नगर, पुलगांव, दुर्ग
8770638793, 9340311314
9303893829, 9300850065

## विडंबना : निर्धारित डेसीबल से चार गुना अधिक पर डीजे बजते रहे


# प्रतिबंध को ठेंगा, रात दो बजे तक डीजे बजे और जिम्मेदारों ने आंख-कान पर पट्टी बांधी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

हाईकोर्ट के सख्त आदेश का प्रभाव कांकेर जिला मुख्यालय में देखने को नहीं मिला और रात दो बजे तक निर्धारित डेसीबल से चार गुना डेसीबल पर डीजे बजते रहे। दस बजे के बाद बजने वाले डीजे पर कार्यवाही करने वाले जिम्मेदारों ने आँखों में पट्टी बाँध लिया था, वहीं उनका यह कहना था कि जिम्मेदार जनप्रतिनिधि जब मंच से रात तक यह सब नजारा देखते रहे, ऐसे में हम क्या कर सकते है। कार्यवाही करने पर यही जनप्रतिनिधि रोक लगा देते है, ऐसे में कानून को पालन करवाने में दिक्कतों का सामना करना पड़ता है।

- शहर के जिम्मेदारों को शोर प्रदूषण के रोक के लिए सामने आना होगा
- शोर प्रदूषण से बच्चा, बुजुर्ग व युवा मौत के हो सकते हैं शिकार

हाईकोर्ट के सख्त आदेश का पालन 2023 में किया गया और रात 10 बजे के बाद डीजे नहीं बजने दिया गया था। रात 10 बजे सभी डीजे जप्त हो गए थे और बिना डीजे के मूर्तियों का विसर्जन हुआ था। रात डेढ़ बजे तक शांति ढंग से मूर्तियों का विसर्जन हो गया था, परंतु इस बार यानी 2024 में एक माह में पड़ने वाले दोनो त्योहारों पर डीजे की धुन रातभर सुनाई दिया। गणेश विर्सजन के दौरान प्रारंभ में ढोल नंगाड़ो की धुन पर विर्सजन हुआ, परंतु अंतिम दिन रात 10 बजे के आसपास कई डीजे सक्रिय हो गए थे। नवदुर्गा पर विर्सजन के दौरान सुबह से जिस ढंग से दूसरे जिले के डीजे सक्रिय दिख रहे थे, उससे यह स्पष्ट हो गया था कि डीजे बजेंगे और डीजे में ▶▶ शेष पेज 10 पर



### जनप्रतिनिधयों को समझने की जरूरत

एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि हाईकोर्ट का सख्त आदेश है और जिम्मेदार जनप्रतिनिधि को बताया जाता है, परंतु उनके द्वारा ही हाईकोर्ट के नियमों को दरकिनार करने की बात कहीं जाती है, ऐसे में हम लोग क्या कर सकते है। आँख में पट्टी बाँधने वाली बात नहीं है, सरकार को सख्त कदम उठाने के लिए पहल करने की जरूरत है। सरकार को अपने जनप्रतिनिधियों को सख्त आदेश जारी कर देना चाहिए कि हाईकोर्ट के नियमों का पालन होना जरूरी है, इसमें किसी को किसी भी तरह की छूट नहीं मिलेगी।

### शहर के जिम्मेदारों को उठाना पड़ेगा कदम

शोर प्रदूषण से बच्चों व बुर्जुग को बचाने के लिए शहर के जिम्मेदारों को सामना आना चाहिए, परंतु जिम्मेदार भी कान में रूई डालकर जिम्मेदारी उठाने के लिए सामने नहीं आते है, उसी का परिणाम है कि कुछ भी हो रहा है। शहर के बुद्धजीवियों का कहना है कि शहर के कई लोग जिम्मेदार है, जो अपने आपको सब कुछ मानते है, उनको सामने आकर इसके लिए ठोस कदम उठाने की जरूरत है, अन्यथा यह शोर प्रदूषण कांकेर की कई जान को मौत के आगोश में सुला देगा। मौत के आगोश में सोने वाला शहर का बच्चा, बुजुर्ग या युवा हो सकता है, अभी भी सोचने और सजग होने का समय है। इसके लिए जिम्मेदारों को सामने आकर इस गंभीर विषय पर चर्चा करने की जरूरत है।

### डीजे संचालक करते हैं प्रतिस्पर्धा

जानकारों की मानें तो ऐसे कार्यक्रमों के दौरान डीजे संचालक आवाज के डेसीबल को बढ़ाकर आपस में प्रतिस्पर्धा करते है, जिसके चलते बहुत ज्यादा डेसीबल में कई जगह डीजे को बजाते है। इस दौरान कई लोगों का चलता चलता दो पहिया तक आवाज के वाइब्रेशन में बंद हो गया। प्रतिस्पर्धा करने वालों पर भी जिम्मेदारों ने किसी भी तरह की कार्यवाही नहीं किया।

# बेकाबू बाइक पुल से गिरी, एक की मौत दो घायल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पखांजूर

पीव्ही 17 से बांदे दुर्गा पूजा कार्यक्रम देखने जा रहे मोटर सायकल में सवार तीन युवकों की मोटर सायकल अनियंत्रित होकर पीव्ही 39 इन्द्रप्रस्थ मेन रोड पुल मोड़ के पास पुल के नीचे गिर गई, जिसमें मोटर सायकल चला रहे चालक की मौत हो गई, वहीं मोटर सायकल में पीछे बैठे दो युवकों घायल हो गए। मृतक के पिता की शिकायत पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

पखांजुर थाना में जानकारी देने पहुँचे पीव्ही 17 निवासी रंजन राय पिता स्व. रविन्द्रनाथ ने पुलिस को बताया कि मेरा छोटा बेटा इंद्रजीत राँय 12 अक्टूबर की शाम करीबन 7 बजे गाँव के शिवा समद्दार और सुजल समद्दार के साथ बांदे दुर्गा पूजा कार्यक्रम देखने मोटर सायकल टीव्हीएस सोल्ड से जा रहे थे। मोटर सायकल को इन्द्रजीत राय चला रहा था। पीव्ही 39 इन्द्रप्रस्थ मेनरोड पुल मोड़ के पास रात्रि करीब 12 अक्टूबर की रात साढ़े 9 बजे मोटर सायकल को तेज गति व लापरवाही पूर्वक चलाकर अनियंत्रित हो जाने से पुल के नीचे मोटर सायकल सहित गिरकर ▶▶ शेष पेज 10 पर

## खबर संक्षेप

### मां दुर्गा की प्रतिमा का किया विसर्जन



**दुर्गुकोंदल।** दुर्गुकोंदल में शारदीय नवरात्र पर सार्वजनिक नवजोत मां दुर्गा उत्सव समिति के तत्वाधान में मां दुर्गा की प्रतिमा का स्थापना रंगमंच दुर्गूकोंदल में किया गया था। नौं दिनों तक विधि विधान से ब्राह्मण के मंत्रोच्चारण के साथ पूजा अर्चना किया गया और दसवें दिन दुर्गुकोंदल के गली मुहल्लों में डीजे की धुन पर नाचते मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन किया गया। विसर्जन के दौरान पुरूषों की अपेक्षा अधिक महिलाओं मां दुर्गा की आरती साथ विसर्जन में शामिल हुए। इस अवसर पर समिति के पदाधिकारी, सदस्य व ग्रामीण उपस्थित रहे।

### हाटकोंदल में 30 फीट के रावण का किया दहन



**दुर्गुकोंदल।** विजयदशमी पर ग्राम हाटकोंदल के स्कूल मैदान में आतिशबाजी के साथ 30 फीट ऊंचे रावण का दहन किया गया। मंडली अध्यक्ष युवराज सिंह पटेल, जगदीश, हीराम यादव, वीरू यादव, चंद्रशेखर राकेश सरपंच त्रिभुवन टेकाम ने बताया 55 सालों से रावण दहन किया जा रहा है। स्थानीय कलाकारों ने पारंपरिक वेशभूषा में राम रावण युद्ध प्रसंग प्रस्तुत किया, इसके बाद रावण दहन व आतिशबाजी का आयोजन किया गया। रावण दहन देखने गांव गांव से बड़ी संख्या में लोग पहुँचे थे।

### डुवा में रामलीला 16 व 17 अक्टूबर को

**दुर्गुकोंदल।** आदर्श नवयुवक समिति ग्राम डुवा में दो दिवसीय रामलीला का आयोजन किया गया है, जिसमें सीता हरण का रामलीला का आयोजन किया जाएगा। गायता मानूराम बोगा, पटेल मगतूराम बोगा, मेसोराम बोगा, गणेश्वर हिडको, रायसिंह गावड़े, अशोक उइके, चंपालाल, राजलाल, चिमनी राम, लिकेश बोगा, मनबोथ ने कहा कि दो दिवसीय रामलीला में डुवा के अलावा आसपास गाँव के लोग भी शामिल होते है।

### चारभाठा में रामधुनी सम्मेलन आज होगा

**सरोना।** नरहरपुर विकासखंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत डोंमपदर के आश्रित ग्राम चारभाठा में एक दिवासीय संगीतमय भव्य रामधुनी सम्मेलन का आयोजन आज 14 अक्टूबर ▶▶ शेष पेज 10 पर

# पुरानी रंजिश को लेकर की मारपीट परिजनों के बीच बचाव से बची जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कोरर थाना के ग्राम कन्हारपुरी में पुरानी रंजिश को लेकर आरोपी ने किसान के साथ जान से मारने की धमकी देते हुए किसान के साथ मारपीट किया। किसान की पत्नी व बेटी के बीच बचाव करने पर किसान की जान बच गई। किसान की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मारपीट का मामला दर्ज कर विवेचना में लिया है।

कोरर थाना में शिकायत करने पहुँचे कन्हारपुरी निवासी 45 वर्षीय हरिराम केमरो पिता स्व. उदल राम केमरो ने पुलिस को बताया कि मैं खेती किसानी का काम करता हूँ। मैं 14 अक्टूबर को करीबन दोपहर को 12 बजे अपने घर बाडी तरफ गया था, जहाँ पर ईमली झाड़ के नीचे मेरी लडकी दीपमाला, दिव्या केमरो एवं पत्नि देवकी बाई व पडोस के प्रकाश कचलम, सुखराज नरेटी आपस में बातचीत कर रहे थे, उसी समय गांव के मंयक केमरो पिता महेश केमरो आया और पुरानी रंजिश को लेकर मुझे गाली देने लगा,



मैने कहा कि गाली किसे दे रहो हो , इतना बोलने पर आरोपी मुझे जमीन में पटक दिया और हाथ मुक्का से सिर,माथा दोनो भुजा, पीठ, सीना के पास मारपीट किया। मंयक केमरो अपने दाहिना हाथ में चुडा पहना था, जिसमें मेरे माथा को चोट लगा है। मारपीट करते समय झगडा को मेरी पत्नि व बच्चे लोग छुडाए है, मंयक द्वारा मुझे जान से मारने की धमकी दिया है। घटना को पास पडोस के लोग भी देखे है। आरोपी की इस घटना से मैं और मेरा पूरा परिवार डरा हुआ है।

कोरर पुलिस ने प्रार्थी की शिकायत पर आरोपी मंयक केमरो के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

# टाहंकापार के सूने मकान में दिन दहाड़े चोरी, नकदी-जेवरात पार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

टाहंकापार निवासी परिवार मंदिर दर्शन के लिए गए हुए थे और मंदिर दर्शन कर वापिस जब घर पहुँचने पर देखा कि घर का ताला टूटा हुआ है और घर के अंदर अलमारी का ताला तोड़कर नगदी 15 हजार और लगभग 3 लाख के जेवरात की अज्ञात चोर चोरी करके ले गए है। पीड़िता की शिकायत पर पुलिस अज्ञात चोर के खिलाफ मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

- परिवार को मंदिर जाना पड़ा मंहगा

टाहंकापारा निवासी 38 वर्षीय संतोषी सेन पति देव कुमार सेन हल्बा चौकी पहुँचकर पुलिस को बताया कि मैं 11 अक्टूबर दिन शुक्रवार को करीबन दोपहर डेढ़ बजे मैं और मेरे पति देव कुमार सेन दोनो साथ में मोटर सायकल से ग्राम कोड़ेगांव माता मनकेशरी मंदिर में ज्योति जलाये थे, जिसके दर्शन एवं पूजा करने के लिये गए थे। दर्शन एवं पूजा कर उसी दिन शाम करीब 6 बजे हम दोनो घर वापिस आए, तो हमारे घर का सामने दरवाजा संकल खुला था, गुर्जर में ताला खुला अवस्था में लटका था, तब घर अंदर जाकर देखे तो हमारे बेडरूम में रखे आलमारी का दरवाजा खुला था, जिसकी लाकर खुली




एवं टूटा हुआ था। लाकर के अंदर रखे नगदी रकम नगदी 15 हजार रूपएं एवं घरेलू उपयोग के सोना चांदी के गुलबंद, मंगल सूत्र, झुमकी, करधन एवं अन्य जेवर कीमती लगभग 3 लाख रूपएं को किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा चोरी कर ले गया है। घटना की जानकारी गांव के सरपंच, पंच, कोटवार एवं अन्य लोगों को जानकारी दिया। चोरी के संबंध में आसपास मोहल्ले पता तलाश किया, कोई पता नहीं चलने पर 15 अक्टूबर को चौकी हल्बा उपस्थित आकर पुलिस को जानकारी दिया। चोरी जेवरात की मेरे पास बिल नहीं है, किंतु मिलने पर देखकर पहचान लूंगी।

हल्बा चौकी प्रभारी की सूचना पर नरहरपुर थाने में अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 331(3), 305(क) बीएनएस के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

# राजमहल के राज दशहरा पर एबीवीपी कार्यकर्ताओं की भूमिका रही सराहनीय



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर

कांकेर रियासत में दशहरा पर देव पूजा व देव मिलन समारोह का आयोजन लगभग 22 वर्षो से हो रहा है। रियासत काल से यह परंपरा चली आ रही है। सालभर में सिर्फ दशहरा के दिन ही पैलेस को आम जनता के लिए खोला जाता है। सभी इस दिन रियासत के देव-विग्रह पैलेस पहुंचते है, जिनका पूजन किया जाता है। इसके अलावा आम जनता भी इस दिन पैलेस पहुंचकर राजा से भेंट कर सकती है।

कांकेर रियासत में पहले राजापारा में दशहरा पर देव मिलन होता था। 1937 में डड़िया तालाम के समक्ष राजा भानुप्रतापदेव ने अपने कार्यधात भवन में शिफ्ट किया, तब से दशहरा पर देव मिलन यही आयोजित होता है। दशहरा के दिन पैलेस आम जनता के लिए खुला रहता है। रियासत के दूर-दराज गांव से भी देवी-देवता बाजे-गाजे के साथ पहुंचते हैं। रियासतकालीन परंपरा के अनुसार देव-विग्रहों का स्वागत और पूजन किया जाता है। देवी-देवताओं के साथ मंदिर के पुजारी, भगत, गायता, लोक नर्तक दल भी पहुंचते हैं। महाराजाधिराज डॉ. आदित्य प्रतापदेव एवं राजमाता देवी-विग्रहों का स्वागत और पूजन करते हैं। देव-विग्रहों के साथ शस्त्रों का पूजन भी इस दिन होता है। एबीवीपी के जिला संयोजक आदित्य मिश्रा ने बताया कि अभाविप पूरे देश भर में नवरात्र पर मंदिरों एवं धार्मिक आयोजनों में स्टूडेंट फॉर सेवा के माध्यम से सेवा देने का कार्य कर रहे है, उसी के तहत देव मिलन कार्यक्रम में गाँव-गाँव से ▶▶ शेष पेज 10 पर

## मानूसन सत्र में मामला उठाने के बाद मिली स्वीकृति

# रावलीनाले पर पुल बनने से एक दर्जन गांवों को मिलेगी सुविधा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गूकोदल अंतर्गत ग्राम परभेली एवं सोनादई के मध्य स्थित रावली नाला पर वर्षाकाल के दिनों में लगभग चार माह तक पानी का तेज बहाव होता है, जिसके कारण गांव का संपर्क टूट जाता है। इस पर पुल बनाने की माँग लंबे समय से किया जा रहा था, वहीं विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने इस मामले को मानसून सत्र में उठाकर सरकार के संज्ञान में लाया और इस पुलिया की स्वीकृति मिल गई है। इस पुलिया के बनने से एक दर्जन गाँव के लोगों को लाभ मिलना तय है।

परभेली एवं सोनादई क्षेत्र के लगभग 10 से 12 गांव के रहवासी अपने आवश्यकताओं का सामान लेने के लिए राऊलीनाला को जान जोखिम में डालकर बेखौफ होकर नाला को पार करते हैं, यदि किसी ग्रामीण की रात में अचानक स्वास्थ्य खराब हो जाए तो बड़ी मुश्किल में नाला पारकर उसे अस्पताल या डॉक्टर तक लेकर जाते हैं। पुलिया नहीं होने से ग्रामीण अपनी मूलभूत सुविधाओं से वंचित रहते है, वही जान जोखिम में डालकर नाला पारकर स्कूल जाने मजबूर बच्चे जाड़ेकुर्सी, परर्भेली एवं आसपास के गांव के स्कूली बच्चे पढ़ने के लिए लोहतर एवं उच्च शिक्षा अध्ययन के लिए महाविद्यालय दुर्गूकोदल एवं पीजी कॉलेज भानुप्रतापपुर जाने के लिए राऊलीनाला को पार करना पड़ता है। तेज बहाव के कारण नाले पर पुलिया के अभाव में स्कूल व कॉलेज पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई प्रभावित होती है। नाला के दोनों छोर में पक्की सड़क बनाने के बावजूद नाला में पुल का निर्माण नहीं हुआ है। पानी का बहाव अधिक होने पर आम जनों को कोड़े कुर्सी मार्ग होते हुए दुर्गूकोदल से भानुप्रतापपुर जाने में लगभग 60 किमी. की दूरी तय करना पड़ता है इसके कारण आने-जाने में परेशानी होती है। इसी स्थिति को देखते हुए वर्षों की बहु प्रतीक्षित मांग राऊलीनाला में पुल बनाने की क्षेत्र वासियों की मांग थी जिसे विधायक भानुप्रतापपुर सावित्री मनोज मंडावी ने मानसून सत्र में विधानसभा में इस मुद्दे को उठाया था, जिसे शासन के द्वारा जिला निर्माण समिति कांकेर के द्वारा डेढ़ करोड़ रुपए की स्वीकृति दी गई।



### सरकार व प्रशासन के संज्ञान में लाया

*विधायक सावित्री मनोज मंडावी ने कहा कि ग्रामीणों की माँग मिलने पर मानसून सत्र में मुद्दा लाकर सरकार व प्रशासन के संज्ञान में लाया था और उसी का परिणाम रहा कि पुल बनाने के लिए डेढ़ करोड़ की स्वीकृति मिल गई है। पुल बन जाने से एक दर्जन गाँव के लोगों को राहत मिलेगी।*

पाठक सूचना
कांकेर जिले में हरिभूमि समाचार पत्र के स्थान पर कोई अन्य अखबार मिल रहा हो। एवं समाचार पत्र की प्रतियां, विज्ञापन एवं खबरों के लिए संपर्क करें
7000955574, 9098324969

## खबर संक्षेप



### जामगांव दुर्गोत्सव की झांकी दिव्य व भव्य रही

**सरोना।** बुढ़ेश्वर महादेव नव दुर्गोत्सव के तहत ग्राम जामगांव में मां दुर्गा की अष्टमी के अवसर पर भव्य हवन-पूजन एवं नव कन्या भोज का आयोजन किया गया। इस अवसर पर समिति द्वारा नवदुर्गा की मूर्ति स्थापित की गई और श्रद्धालुओं ने मनोकामना ज्योति कलश प्रज्जवलित किया। समिति ने नव दिनों तक नियमित पूजा-अर्चना का कार्यक्रम आयोजित किया, जिसमें महाराज सरस उपाध्याय ने विशेष भूमिका निभाई। इस आयोजन ने न केवल धार्मिक भावनाओं को जगाया, बल्कि गांव के लोगों के बीच आपसी स्नेह और सहयोग की भावना को भी बढ़ाया। नव दुर्गोत्सव की भव्यता ने पूरे क्षेत्र में एक अद्वितीय उत्सव का माहौल बना दिया।

### पिछड़ा वर्ग समाज की कल होगी बैठक

**दुर्गुकोंदल।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग समाज की ब्लॉक स्तरीय बैठक 15 अक्टूबर को दोपहर 12 बजे बाजार मंडी प्रांगण में रखा गया है, जिसमें छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग समाज के स्थापना दिवस 18 अक्टूबर 2024 को स्थापना उत्सव भानु प्रतापपुर में मनाने को लेकर चर्चा किया जाएगा। उक्त बैठक में परिक्षेत्र अध्यक्ष, समाज प्रमुख, ब्लॉक पदाधिकारी एवं अन्य सदस्यों को बुलाया गया है।

### लोकधारा की प्रस्तुति 18 को दुर्गूकोदल में

**दुर्गुकोंदल।** नवजोत मां दुर्गा उत्सव समिति एवं ग्रामवासियों के तत्वाधान में दुर्गा उत्सव दशहरा के उपलक्ष में 18 अक्टूबर दिन शुक्रवार को रात्रि 9 बजे से शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय दुर्गूकोदल के उन्मुक्त खेल मैदान में छत्तीसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम लोकधारा रायपुर छत्तीसगढ़ की प्रस्तुति की जाएगी। आयोजित कार्यक्रम में बारहमासी गीत, छत्तीसगढ़ी दर्शन, सुवा गौरा गौरी गीत, राउत नाचा, अरपा पैरी के धार, बेटी बिहाव बाई गांवगे देवी गंगा सहित लोक कला मंच लोकधारा की प्रस्तुति सुपरहिट गीत जिसमें छत्तीसगढ़ के सुप्रसिद्ध गायक टामेश्वर वर्मा फूलेश साहू, तिलक राजा साहू, गायिका केसरी साहू, ज्योति वैष्णव, केशु साहू के द्वारा प्रस्तुति दी जाएगी।

## सुविधा : लौह अयस्क परिवहन से यातायात पर अब दबाव कम हुआ

# कच्चे से अंतागढ़ तक सड़क चकाचक वाहन सरपट भाग रहे, लोगों को राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

राजनांदगांव-बैलाडीला मार्ग पर कच्चे से अंतागढ़ तक सड़क चकाचक हो गई है।

- 43 किमी लंबी सड़क अभी निर्माणाधीन, मोबाइल वैन से गुणवत्ता परखी जा रही

डामर की टॉप लेयर चढ़ने के बाद अब फर्राटे से गाड़ियां भाग रही हैं। वहीं कच्चे एवं भानुप्रतापपुर मे सड़क बनने के बाद यह सड़क चमचमाने लगी है। लोगों के वाहनों की रफ्तार बढ़ गई है। सड़क देखकर हर कोई तारीफ कर रहा है।

भानुप्रतापपुर ब्लाक के ग्राम कच्चे से अंतागढ़ 43 किलोमीटर दूर तक लोक निर्माण विभाग ने नई सड़क बना दिया है।सड़क निर्माण का कार्य लगभग लास्ट स्टेज पर है। जिसका निर्माण हिल ब्रो मेटालिक कम्पनी रायगढ़ के द्वारा 141.00 की लागत से किया जा रहा है।

आपको बता यह सड़क नए बन जाने से गांव के लोग भी काफी खुश हैं।क्योंकि यह सड़क काफी जर्जर हालत में थी। जिसकी वजह से आने जाने वाले लोग मुश्किल से सफर तय करते थे। अब अंतागढ़ तक सड़क बन जाने से लोग राहत की सांस ले रहे हैं।क्षेत्र में लौह अयस्क माइंस होने के कारण सड़क की हालत खराब हो गई थी। लौह अयस्क के परिवहन होने से यातायात का काफी दबाव बना रहता है। सड़क खराब रहने के कारण गर्मी में जहां धूल उड़ने से परेशान थे वहीं बरसात में कई स्थानों जैसे कच्चे, आसुलखर एवं अन्य जगहों पर सड़क पर गडढे हो गए थे जिसमें पानी एवं कीचड़ होने से लोगों को बेहद परेशान होना पड़ता था। इस क्षेत्र के लोग काफी लंबे समय से नए सड़क की मांग कर रहे थे। जिनका सपना अब साकार हो गया है। इस सड़क के बन जाने से ग्रामीणों को कहीं भी आने जाने में सहुलियत महसूस हो रही है।





### 2.4 किमी तक सड़क का कंक्रीटकरण

कच्चे में लौह अयस्क खदान होने के कारण भारी वाहनों का आवागमन ज्यादा होता है। यहां पर सड़क बेहद ज्यादा खराब हो गया था। जिस कारण गांव के लोगों स्कूली बच्चों एवं राहगीरों को बरसात के दिनों में काफी दिक्कतों का सामना पड़ता था। अब विभाग द्वारा यहां पर कच्चे से साल्हे के बीच 2.4 किलो मीटर की कंक्रीट सड़क बनाई जा रही है। ग्रामीणों ने गांव तक चकाचक सड़क बन जाने से वे उत्साहित हैं और सरकार के इस कार्य की सराहना कर रहे हैं।



### गुणवत्ता निरीक्षण के लिए मोबाइल निरीक्षण वैन तैनात

लोक निर्माण विभाग के ईई महेंद्र कश्यप ने बताया। गुणवत्ता निरीक्षण के लिए मोबाइल निरीक्षण वैन की सेवाएँ ली जा रही हैं। उन्होंने बताया जगदलपुर के मोबाइल वेन से कार्य की गुणवत्ता की जांच कर सड़क निर्माण किया जा रहा है। उन्होंने कहा एमआईवी के उपयोग से सड़क की मौजूदा गुणवत्ता नियंत्रण और गुणवत्ता स्वीकृति प्रणाली में वृद्धि होती हैं।

### 80 प्रतिशत कार्य गुणवत्ता पूर्वकपूर्ण

विभाग के एसडीओ एसके गणवीर ने बताया भानुप्रतापपुर के कच्चे से अंतागढ़ कुल 43 किलोमीटर दूर तक नए सड़क का निर्माण हिल ब्रो मेटालिक कम्पनी रायगढ़ के द्वारा किया जा रहा है। जिसमें 80 प्रतिशत तक कार्य पूर्ण हो चुका है। कुछ पुलिया एवं कुछ स्थानों पर डामरीकरण करना शेष रह गए हैं। बचे हुए कार्य मे तेजी से कार्य किया जा रहा है जल्द पूरा हो जाएगा।

## विजयी दशमी पर्व पर रामलीला का मंचन और की भव्य आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

श्रीश्री नवदुर्गोत्सव समिति नगर पंचायत चारामा द्वारा शक्ति आराधना के महापर्व शारदीय नवरात्र के पावन अवसर पर प्रतिदिन विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। 39 दानदाताओं द्वारा घी एवं तेल का मनोकामना ज्योति कलश जलाकर शक्ति स्वरूपा माता दुर्गा के प्रति श्रद्धा एवं विश्वास जताया।

अंतिम दिन विजय दशमी के अवसर पर माता को सांगा कार्यक्रम के साथ नगर के तय रूट के साथ नगर भ्रमण कर नगर के डबरी तालाब में विधि विधान के साथ विसर्जन किया गया, तत्पश्चात शाम 7 बजे नगर के मंडी प्रांगण दशहरा मैदान में राम लीला का मंचन के साथ भव्य आतिशबाजी का आयोजन किया गया।

नगर पंचायत चारामा के अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन द्वारा दशहरा मैदान में 16 मीटर हाई मास्ट लाइट का लोकार्पण कर नगर वासियों को प्रदत्त किया। इस अवसर पर प्यारे लाल देवांगन ने कहा कि आने वाले समय में और भी चौक चौराहों पर इस तरह हाई मास्ट लाइट लगा कर एवं अन्य जनहितमूलक कार्यों के साथ सौंदर्यीकरण के साथ लोगो को सुविधा उपलब्ध कराया जाएगा। शारदीय नवरात्र व दशहरा के अवसर पर नगर के समता रंगमंच में नगर के प्रतिष्ठित व्यापारी, अधिकारी कर्मचारीगणों व समिति के समस्त पदाधिकारियों को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया, जिन्होंने नवरात्र पर्व पर अपना अमूल्य समय एवं सहयोग दिया। तत्पश्चात रात्रि 11 बजे छः गढ़ी लोक कला मंच मोर मया के छांव सराधुनवागांव की प्रस्तुति की गई, जिसमें नगर के विभिन्न वार्डो से दर्शकों ने आनंद लिया। समिति के अध्यक्ष प्यारे लाल देवांगन ने नगर के सभी व्यापारीगणों, अधिकारी कर्मचारीयो सहित सभी नगरवासियों को सहयोग के लिए धन्यवाद एवं आभार व्यक्त किया।

इस अवसर पर श्रीश्री नवदुर्गोत्सव समिति के संरक्षक पूनम चोपड़ा, उपाध्यक्ष सुभाष सोनकर, धर्मेंद्र मेहता, सचिव पुरषोत्तम सेन, सहसचिव सत्येन गुप्ता, महेंद्र नायक, कोषध्यक्ष तुलेन्द्र साहू, ओम प्रकाश साहू, सलाहकार दीपक सोनकर, श्रवण सिन्हा, मोहित नायक, एवं कार्यकारिणी सदस्य मनोहर राठौर, अंकित जैन, रूपेश देवांगन, प्रियेकेश गुप्ता, किरण मानिकपुरी, थानेंद्र वर्मा, बबलू ठाकुर, अजय पंजवानी, अमित साहू, रवि साहू, पंडित विकास दुबे, शिवेंद्र निर्मलकर, परस साहू, खुमान साहू, करण निर्मलकर, ओम प्रकाश कौशिक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



## बंगीय समाज दुर्गा मंडप में सिंदूर खेला बड़ी संख्या में शामिल हुईं महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कुम्हारपारा स्थित बंगीय समाज मंडप में देवी दुर्गा प्रतिमा की विदाई से पहले सिंदूर खेला हुआ। जिसमें सुहागिन महिलाओं ने एक दूसरे को देवी मां के चरणों में अर्पित सिंदूर का टीका लगाकर सदा सुहागन रहने की कामना की। अंतिम दिन सिंदूर खेला का बंगाली समाज में काफी महत्व है। वैसे भी नवरात्र में दुर्गा स्थापना के सभी दिनों में पूजा अर्चना और भंडारा के भोग प्रसाद के लिए बंगीय समाज के लोग सभी दुर्गा पंडालों में जाकर देवी दर्शन के साथ भोग प्रसाद ग्रहण करते हैं। रविवार को बंगीय समाज के दुर्गा पंडाल का विर्सजन शाम को किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में समाज के लोग नाचते गाते उल्लास के साथ शामिल हुए।

### लामनी पार्क के लिए मिला दो ई-रिक्शा

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ शासन वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री केदार कश्यप द्वारा शनिवार को शहर के लालबाग स्थित सरस मेला में जैव विविधता जैव विविधता संरक्षण विकास एवं प्रशिक्षण समिति लावणी को 2 लाख 40 हजार रूपए का बोनस तथा दो ई-रिक्शा लामनी पार्क के लिए दिया गया। ई-रिक्शा वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा चक्रीय निधि राशि से ऋण पर दिया गया है। जिनका मासिक किस्त समिति को होने वाले आय से जमा किया जाएगा तथा बोनस की राशि पार्क को वर्ष 2023-24 में हुए लाभ से दिया गया है। इस दौरान वन विभाग के सीसीएफ आरसी दुग्गा, योगेश रात्रे, परिक्षेत्र अधिकारी देवेन्द्र सिंह वर्मा, प्रकाश ठाकुर, लामनी पार्क के प्रभारी उदयनाथ सिंह आदि शामिल रहे।

## देव जात्रा में विधायक सावित्री ने नागेल मोहठ से लिया आशीर्वाद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

नरेटी लोगो के देवकोठार डांगरा एंव खुटगॉंव में आयोजित देव दशहरा कार्यक्रम में क्षेत्र के विधायक सावित्री मनोज मण्डावी उपस्थित होकर नागेल मोहठ मुदिया बूढ़ाल पेन से आशीर्वाद लेकर कहा कि नरेटी परिवार के साथ हम सब के लिए गौरव का क्षण है कि आज आप और हम सब इस डांगरा व खुटगॉंव के देव भूमि पर आयोजित देव दशहरा में सम्मिलित हुए हैं।

आयोजित देव दशहरा कार्यक्रम में विधायक सावित्री मण्डावी ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि हम अपने बच्चों को स्कूल तक पहुंचाए और शिक्षा के मुख्य धारा से जोड़े तथा हमे अपनी समाज से नशा को जड़ सहित समाप्त करना होगा, तभी हम विकास को ओर अग्रसर होंगे। नरेटी परिवार के मांग पर विधायक ने देव स्थल डांगरा में पेयजल एवं विद्युत व्यवस्था उपलब्ध करवाने के लिए आश्वासन दिए तथा खुटगॉंव में देव स्थल पर सामुदायिक भवन के लिए पांच लाख की घोषणा की। इस अवसर पर नरेटी परिवार के गायता पुजारी गण व देव कोठार के पदाधिकारीगण एवं नरेटी परिवार से पधारे छत्तीसगढ़ के साथ विभिन्न प्रान्त के नरेटी उपस्थित रहे। इस अवसर पर सविता उइके पूर्व जनपद पंचायत दुर्गुकोंदल, हुमन मरकाम, धनीराम ध्रुव, मुकेश्वरी नरेटी, अमिता उइके, सुखचंद, गोपाल राठी उपस्थित रहे।




### विजयादशमी पर शस्त्र पूजा

**जगदलपुर।** विजयादशमी पर्व पर कोतवाली थाने के शस्त्रागार में टीआई शिवानंद सिंह ने पूजा-अर्चना की।



## पेज 09 के शेष...

### प्रतिबंध को ठेंगा...

आपस में प्रतिस्पर्धा होगी। अंततः यह हुआ और रातभर डीजे की धुन ने अच्छे माहौल यानी शांत कांकेर को अशांत कांकेर में बदल दिया। हाईकोर्ट के तहत जिस डेसीबल पर डीजे बजना था, उसका उल्लंघन हुआ। रातभर नियमों को ताक में रखकर बजे डीजे का ठीकरा किसी पर फूटता है और इससे कोई सबक लेकर आने वाले समय में कोई ठोस कदम उठाया जाएगा या ऐसा ही चलता रहेगा, यह तो आने वाला समय ही बताएगा।

### बेकाबू बाइक पुल...

एक्सीडेंट हो गया, जिसे राह चलने वालों के द्वारा सरकारी अस्पताल पखांजूर में ईलाज के लिये भर्ती कराया गया। जानकारी मिलने पर मैं अस्पताल गया, मेरे बेटा बेटा इन्द्रजीत को सिर, माथा, चेहरा में चोट लगा था, जिसे चिकित्सक द्वारा रात्रि में उपचार बाद रिफर करने से एम्बुलेंस में धमतरी ले जा रहे थे। चारामा के पास पहुंचे थे कि मेरा बेटा की मृत्यु हो गया, जिसकी मृत्यु हो जाने से वापस पखांजूर अस्पताल चीरघर में रखा। इस घटना में मोटर सायकल में इंद्रजीत के पीछे बैठे शिवा समद्दार और सुजल समद्दार को चोट आई है। पिता की शिकायत पर मृतक के खिलाफ धारा 281, 106(1), 125 (अ) बीएनएस पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। पुलिस ने शव का पीएम करवाकर शव को परिजनों को सौंपा गया।

### राजमहल के राज...

बड़ी संख्या में दर्शक आते है इतनी बड़ी संख्या के साथ व्यवस्थित रूप से कार्यक्रम सम्पन्न हो पाए इसके लिए विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं ने राजमहल में प्रबंधन का कार्य किया। कार्यक्रम में सेवा देने के लिए राजा अश्विनी प्रताप देव ने राजपरिवार की ओर से विद्यार्थी परिषद के कार्यकर्ताओं का सम्मान किया एवं कुशल प्रबंधन की सराहना किया। व्यवस्था में आशीष दुबे, ओमकृष्ण जैन, हर्ष सिन्हा, मनोज नेताम, वेदांत सोनी, सार्थक, ऋषिक तिवारी, हर्ष सिन्हा, नमन मरकाम, अतुल साहू, आदित्य झा, प्रांजल सिन्हा एवं अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### चारभाठा में रामधुनी...

को किया गया है। मुख्य अतिथि कांकेर विधायक आशाराम नेताम, अध्यक्षता ग्राम पंचायत सरपंच संतोष कविता भास्कर, विशिष्ट अतिथि पूर्व विधायक शिशुपाल शोरी, पूर्व जिला पंचायत सदस्य हीरा मरकाम, जिला पंचायत सदस्य तारा ठाकुर, मंडल अध्यक्ष मुकेश संचेती, मंडल महामंत्री संतोष भास्कर, ग्राम पटेल प्रेम सिंह तारम, पहाड़ सिंह पोया, वीरेंद्र तारम, अमित तारम और गन्नू शोरी शामिल रहेंगे।

## सरस मेला में कार्यशाला का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर मड़ई और क्षेत्रीय सरस मेला का आयोजन 12 से 19 अक्टूबर तक जगदलपुर के लालबाग मैदान में हो रहा है। इस मेले में लखपति दीदी पहल योजना के तहत रविवार को एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की चीफ ऑपरेटिंग ऑफिसर (सीओओ) और प्रदान व ट्रीफ टीम की उपस्थिति रही। इस कार्यशाला में सरस मेले में विभिन्न जिलों से आए प्रतिभागियों ने लखपति दीदी पहल योजना के तहत विविध आजीविका गतिविधियों में अपनी सफलताओं को साझा किया। प्रतिभागियों ने कृषि आधारित, पशुपालन, मत्स्य पालन, हस्तशिल्प, उद्यम, वनोपज आधारित गतिविधियों जैसे कोदो, कुटकी, रागी, बेलमेटल, सीसल, आचार, पापड़, बड़ी, कपड़ा बुनाई, अगरबत्ती निर्माण आदि के माध्यम से अपनी आजीविका सुधारने के अनुभव साझा किए। इन गतिविधियों से उनकी आय में महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई है। इसके अतिरिक्त, इस कार्यशाला में ग्रामीण स्तर पर विकास योजना (वीपीआरपी) और ग्राम पंचायत विकास योजना (जीपीडीपी) पर भी एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया।

## यात्रियों से दुर्व्यवहार को लेकर कांग्रेसियों में आक्रोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर जिला युवा कांग्रेस के शहर जिला उपाध्यक्ष संदीप दास सहित कांग्रेस पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं द्वारा रेलवे स्टेशन में आने वाले बाहरी यात्रियों की सुरक्षा व उनकी बेहतर सुविधाएं प्रदान करने व रेलवे पुलिस आरपीएफ के द्वारा किए गए दुर्व्यवहार के विरूद्ध उचित कार्यवाही को लेकर आरपीएफ के असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर को मांगपत्र सौंपा गया।

संदीप दास ने कहा विगत कई दिनों से यात्रियों की सुरक्षा व उन्हें रेलवे स्टेशन में नही मिलने वाली सुविधाओं साथ ही रेलवे पुलिस आरपीएफ द्वारा यात्रियों के साथ अभद्रता किया जा रहा है। इस समय बस्तर दशहरा सहित नवरात्र का पावन पर्व चल रहा है यहां का बस्तर दशहरा विश्व प्रसिद्ध माना जाता है। ऐसे में यहां पर प्रदेश सहित देश विदेश से भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। ऐसे समय मे यात्रियों द्वारा रेलवे पुलिस प्रशासन द्वारा अभद्रता करना बेहद निंदनीय है। बाहर से पहुँच रहे यात्रियों को आरपीएफ रेलवे पुलिस द्वारा अपमानित कर नियम कानून की हिदायत देते हुए उन्हें दुर्यव्यवहार कर स्टेशन परिसर से भगाया जा रहा हैं। मांगपत्र में उल्लेख है कि यात्रियों के साथ किये गए अभद्र व्यवहार में सम्मलित आरपीएफ के संबंधित अधिकारीयों पर कार्यवाही हो। वही असिस्टेंट सिक्योरिटी कमिश्नर ने मागों व यात्रियों के साथ हुए दूर्व्यव्हार के लिए आरपीएफ पुलिस के खिलाफ जांच कर कार्यवाही करने आश्वासन दिया। इस दौरान पार्षद कोमल सेना, महामंत्री जाहिद हुसैन, महेश दिवेदी, अनुराग महतो, विक्रांत सिंह, शादाब अहमद, उस्मान रजा सहित अन्य मौजूद रहे।



## चाउरगांव में छग आदिवासी हल्बा समाज युवा प्रकोष्ठ लोहत्तर की बैठक में बनाई रणनीति

# आदिवासी हल्बा समाज ने शिक्षा, स्वास्थ्य व आर्थिक सुधार के मुद्दे पर चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्गुकोंदल

विकासखंड दुर्गुकोंदल में निवासरत आदिवासी हल्बा समाज गढ़ लोहत्तर 18 गढ़ महासभा ने पालीग्राम चाउरगाव में बैठक कर युवाओ को जागरूक किया, जिसमें सर्वप्रथम माँ दंतेश्वरी और शीतला माँ की सेवा अर्जी कर कार्यक्रम की शुरुआत किया गया, कार्यक्रम की अध्यक्षता मन्नू दीवान अध्यक्ष मुख्य अतिथि एवं मुख्य वक्ता आदिवासी विकास राजु नायक पूर्व अध्यक्ष, अभिषेक ठाकुर कोषाध्यक्ष एवं संघठन मंत्री आदिवासी युवा प्रभाग दुर्गूकोंदल रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे आदिवासी हल्बा समाज युवा प्रकोष्ठ लोहत्तर मन्नू दीवान ने समाज से जुड़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि हम सबको को समाजिक एवं सर्व आदिवासी समाज के कार्यक्रम में हिस्सा लेकर उनसे सीखने का प्रयास करें। सामाजिक उत्थान का मतलब है, समाज को समृद्धि और समानता की दिशा में आगे बढ़ाना, इसके लिए समाज के विकास में योगदान देना ज़रूरी है। युवा साथी सामाजिक उत्थान के लिए मिलकर इस पर कार्य कर सकते हैं। सामाजिक न्याय और समानता के लिए आवाज़ उठाना, शिक्षा, स्वास्थ्य, और आर्थिक सुधार के लिए प्रयास करना, समाज में जागरूकता लाना, युवा पीढ़ी में जागरूकता लाने के लिए एकजुट होना, समाज में प्रगति के लिए युवाओं का योगदान सुनिश्चित करना, कुरीतियों और नशे का त्याग करना, समाज के विकास के लिए सकारात्मक सोच रखना भी ज़रूरी है। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष विकास राजु नायक ने कहा कि युवाओ को सामाजिक कार्यक्रमों में आगे लाने के लिए लगातार प्रयास कर रहा है, हमारा समाज नशा मुक्त होकर समाज सेवा मे आगे आए, साथ ही युवाओ को अधिक से अधिक भाग लेने को कहा गया, और कहा कि युवाओं को राष्ट्र निर्माण में शामिल करें, युवाओं में राष्ट्र निर्माण की शक्ति है, उन्हें अवसर देना चाहिए और उनके जोश-उत्साह को सही दिशा में लगाना चाहिए, युवाओं को खेती में शामिल करें, भारत की आबादी का एक बड़ा हिस्सा कृषि कार्य में लगा हुआ है. प्रौद्योगिकी और टिकाऊ तरीकों के ज़रिए खेती की आधुनिक प्रणाली को अपनाकर और अनुकूलित करके युवाओं की भागीदारी से कृषि उत्पादकता बढ़ाई जा सकती है, मानवता एवं समाज के लिए उच्चतम मानकों एवं स्तर पर निस्वार्थ सेवा और स्वयं सेवा लिए युवाओं को तैयार तथा प्रोत्साहित करना। युवा साथी समावेशी विकास की दिशा में युवाओं को सशक्त करना जिससे कि वे अग्रणी भूमिका निभा सकें तथा सामाजिक, सांस्कृतिक, राजनीतिक और सुशासन हेतु अपेक्षित परिवर्तन के लिए एक उत्प्रेरक के रूप में कार्य कर सकें। हमारे समाज के शहीदों और स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के नाम कुछ जगहों को चिन्हाकित कर उनके नाम से चौक का नाम जाना जाये ऐसा प्रयास किया जायेगा जिसमे सभी सहभागिता हो और मिलकर हमें इस काम को करने की आवश्यकता है। युवा प्रभाग के संगठन मंत्री अभिषेक ठाकुर ने कहा कि हम सामाजिक कार्यक्रमो मे बढ़ चढ़कर हिस्सा लें और हमारे समाज के शहीदों एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी जिन्होंने हमारे देश के अपने प्राणों की आहुति दी है उन महापुरुषों के किए गए कार्यों का अनुसरण करें। इस अवसर पर नंदकुमार संतोष राणा, ज्ञानेश्वर दीवान, चंद्रशेखर दीवान, नंदकुमार गुरुवर , अजित नायक, ज्योतिष राना, भारत राना, आशीष कश्यप, सुलोचना कश्यप, प्रियंका कश्यप, पूरन कश्यप, सुरेश, सुनील, प्रदीप, कश्यप, चंद्रप्रकाश दीवान, लखमू राना, शेखर टोहलिया, पूनम राना, भवानी राना, लालेश्वरी नागेश, हमेश्वरी नाग, संवली टोहलिया, रूपा राना सहित युवा प्रकोष्ठ के साथी शामिल रहे।



## खबर संक्षेप

### अध्यक्ष बने अनोज सिंह



**दंतेवाड़ा।** नगर स्थित सर्किट हाउस दंतेवाड़ा में रविवार को दंतेवाड़ा जिले के समस्त ठेकेदारों की बैठक आहूत की गई। जिसमें अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, कोषाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव, मीडिया प्रभारी का नाम प्रस्तावित किया गया एवं अध्यक्ष पद के लिए वोटिंग के माध्यम से कार्यकारणी अध्यक्ष का चुनाव किया गया। जिसमें अध्यक्ष अनोज कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मनोज कौरव, राजीव पिल्लई, गुलाब सिंह, राजा गुप्ता, साजन सिंह, कोषाध्यक्ष संतोष गुप्ता, सचिव अम्बुज द्ववेदी, सह सचिव बृजेश शर्मा एवं मीडिया प्रभारी नागेश पुजारी को सर्व सम्मति से चुना गया है। साथ ही सदस्य के रूप में समस्त ठेकेदार और संरक्षण के रूप में समस्त अनुभवी ठेकेदार को सम्मलित किया गया है।

### कासोली में दशहरा उत्सव



**गीदम।** गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत कासोली में 22वां दशहरा महोत्सव रावण वध कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें हजारों लोग उत्सव में शामिल हुए। गौरतलब है कि कासोली में विगत 22 वर्षो से दशहरा पर्व आयोजित किया जा रहा है। इस वर्ष कार्यक्रम की शुरूआत सोमवार को जगराता कार्यक्रम से हुई। तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम मंगलवार, बुधवार एवं रामलीला गुरुवार व शुक्रवार को आयोजित की गई। शनिवार को रावण वध, आतिशबाजी तथा बस्तरीय नाट एवं क्षेत्रीय नाचा मुख्य आकर्षण का केन्द्र रहा।

### आरू साहू आज भानपुरी में



**भानपुरी।** सोमवार को छत्तीसगढ़ लोकगीत गायिका आरू साहू का कार्यक्रम भानपुरी करंदोला मां दुर्गा समिति के द्वारा रखा गया है। कार्यक्रम का आयोजन भानपुरी स्टेडियम में भव्य तैयारी के साथ किया गया है। समिति ने ज्यादा से ज्यादा लोगों को कार्यक्रम में पहुंचने आग्रह किया है।

### शहर में मना विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह



**जगदलपुर।** विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस अवसर पर विश्व मानसिक स्वास्थ्य सप्ताह अभियान चलाया जा रहा है। इसके तीसरे दिवस डीएमएचपी टीम बस्तर द्वारा स्वास्थ्य विभाग के सभी कर्मचारियों हेतु कार्य स्थल पर तनाव प्रबंधन कार्यशाला संपन्न किया गया। इसमें कलेक्टर के निर्देश पर सीएमएचओ डॉ. संजय बसाक, महारानी अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. संजय प्रसाद के मार्गदर्शन, डीएमएचपी टीम बस्तर तथा यूनिसेफ, युवोदय, साथी, एग्रिकोन आदि संस्थाओं के परस्पर समन्वय से विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर कलेक्टर ऑफिस के सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखते हुए तनाव प्रबंधन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें तनाव और उससे बचने के उपायों का प्रस्तुतिकरण का मुख्य आकर्षण केंद्र तनाव प्रबंधन कार्यशाला, मनोसामाजिक गतिविधियां एवं खेल, म्यूजिक एवं आर्ट थेरेपी, वीडियो स्क्रीनिंग एवं योग एवं प्राणायाम कराया गया।

डिवाइस और बैटरी चलित ट्राइसिकल की मांग दो दिन में हुई पूरी

# विधायक की पहल पर बुधराम व खोगुराम की राह हुई आसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोंड

शासन-प्रशासन दिव्यांगों के लिए न जाने कितनी योजनाएं संचालित कर रही है। पर जीवन निर्वाह के लिए मंदिरों में भिक्षाटन ही उनकी नियति बन गई है। लेकिन माता के दरबार में मन की मुरादें जरूर पूरी होती है। शुक्रवार को विधायक बस्तर लखेश्वर बघेल अपने गृह ग्राम गिरोला में वर्षो से नवरात्रि के पावन अवसर पर मंदिर परिसर में भिक्षाटन करने वाले दो दिव्यांगों बुधराम और खोगुराम को जब बैटरी चलित ट्राइसिकल और डिवाइस उपलब्ध कराये, तो उनकी आंखों से आंसू बहने लगे, पर यह खुशी के आंसू थे।

हुआ यूं कि विधायक बघेल नवरात्रि षष्ठी के दिन बुधवार को गृह ग्राम गिरोला में कुलदेवी माता हिंगलाजिन का दर्शन करने पहुंचे थे। इस दौरान गेट के समीप भिक्षाटन कर रहे दो दिव्यांग को देखकर मिले, उनसे उनके जीवन निर्वाह पर चर्चा की। दिव्यांग बुधराम ने विधायक बघेल से निडरता से मांग करते हुए कहा कि हमें बैटरी चलित साइकिल चाहिए। बस्तर विधायक ने उनकी हौसला अफजाई करते कहा कि जरूरत के चीजों के लिए बोलना सर्वधर्म हैं, कभी पीछे की ओर नहीं जाना चाहिए।



बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने दिव्यांगजनों की मांग का सम्मान रखते हुए तुरंत दो दिनों में ही उचित व्यवस्था करते हुए अष्टमी के दिन मंदिर परिसर में विधायक प्रतिनिधि गोपाल कश्यप, सरपंच सत्येंद्र गागड़ा, पुजारी लोकनाथ बघेल, जितेंद्र तिवारी, मोना पाढ़ी, तुलसीराम ठाकुर, राजेश कुमार, डमरू सेठिया, रामचंद्र नाग एवं कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में प्रदान किया। इस अवसर पर लखेश्वर बघेल ने कहा कि दिव्यांग बैटरी चलित ट्राई साइकिल के माध्यम से न सिर्फ एक स्थान से दूसरे स्थान पर अपने कार्य से आसानी से जा सकेंगे, बल्कि ट्राई साइकिल से वह छोटे स्तर का रोजगार भी कर सकेंगे।

### क्षेत्रवासियों के कल्याण के लिए की प्रार्थना

बस्तर विधायक लखेश्वर बघेल ने शारदीय नवरात्र की दुर्गा अष्टमी और महानवमी के पावन अवसर पर मां हिंगलाजिन और माता दंतेश्वरी की संधि पूजा एवं विशेष श्रृंगार पूजा के आयोजन में सम्मिलित होकर प्रदेश और क्षेत्रवासियों के कल्याण और समृद्धि के लिए प्रार्थना की।

## आवास मेला में हितग्राहियों को मिला पूर्णता प्रमाण पत्र



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

केन्द्र व राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री आवास योजना अब सूदूर अंचलों के ग्राम पंचायतों में कारगर साबित होती नजर आ रही है।

इसी कड़ी में सूदूर अंचल क्षेत्र उसूर जनपद पंचायत स्तरीय में पीएम आवास मेला का आयोजन पखवाड़े में किया गया। जनपद पंचायत सीईओ प्रभाकर चंद्राकर ने बताया कि,आवास मेला में पूर्ण आवासों के हितग्राहियों को पूर्णता प्रमाण पत्र, प्रतीकात्मक चाबी वितरण एवं वर्ष 2024-25 में जनपद पंचायतों से स्वीकृत आवासों के हितग्राहियों को स्वीकृति पत्र तथा योजनांतर्गत समय पर आवास निर्माण हेतु तकनीकी मार्गदर्शन दिया गया है। सीईओ प्रभाकर चंद्राकर ने बताया, कि कलेक्टर संबित मिश्रा के निर्देशानुसार व मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत उसूर में जनपद स्तरीय पीएम आवास मेला का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि, जिन हितग्राहियों को आवास की स्वीकृति दी गई है। उनके चेहरे पर खुशियां देखी जा सकती है। हितग्राहियों का कहना था कि, हमारा भी समय आ गया है। अब हम पक्के मकान में निवास करेंगें। उन्होंने ने बताया कि, हितग्राहियों ने स्वयं का पीएम आवास पाकर उन्होंने अपना अनुभव बयां किया है। उनका कहना था स्वयं का आवास पाकर अब सम्मानित महसूस कर रहे है, बरसों से आवास का सपना संजोए थे। जो अब पूरा हो गया है। इस दौरान जनपद के जनपद सदस्य, सरपंच, पंच, सचिव और आस-पास के ग्रामों के ग्रामीण उपस्थित थे।

## तपेश्वरी माता मंदिर में स्थापित कलशों का विसर्जन



हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

गीदम ब्लॉक के ग्राम पंचायत समलूर स्थित तपेश्वरी माता के प्राचीन मंदिर में शारदीय नवरात्रि पर्व का समापन ज्योति कलश विसर्जन के साथ आज हुआ। इस मौके पर हवन-पूणार्हुति व भंडारा का आयोजन किया गया। इसके बाद मंदिर से बाजे-गाजे के साथ भव्य शोभायात्रा निकाली गई। गांव से होकर बहने वाली नदी में ज्योति कलश का विसर्जन किया गया। मंदिर में इस बार 160 ज्योति कलश स्थापित किए गए थे। स्थानीय बच्चों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। विधायक चैतराम अटामी व दिव्य जीवन संघ आश्रम गुमरगुंडा के संचालक स्वामी विशुद्धानन्द ने भी यहां पहुंचकर माता के दर्शन किए। गौरतलब है कि तपेश्वरी माता इस क्षेत्र की अधिष्ठात्री देवी के रूप में विख्यात हैं। यहां देवी खुले आसमान के नीचे विराजित हैं।

## ढोल नगाड़े व गाजे-बाजे के साथ मां दुर्गा की विदाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नकुलनार

नकुलनार महाराणा प्रताप चौक में विराजित मां दुर्गा की प्रतिमा का रविवार को बंगीय समाज के ट्रेडिशनल ढोल के बीच बड़े ही धूम धाम से विसर्जन किया गया। विसर्जन कार्यक्रम सुबह 11 बजे नकुलनार चौक से शुरू हुआ, जो देरशाम 4 बजे मसेनार गांव के पास नदी में विसर्जित कर समापन किया गया। दुर्गा समिति के नवयुवकों ने सबसे पहले वाहन को सजाकर देवी दुर्गा प्रतिमा की भव्य शोभायात्रा नकुलनार, हितावर और कुआकोंडा ब्लॉक मुख्यालय तक निकाली। जिसे देखने बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ लगी रही।

### निकाली कलश यात्रा

दुर्गा प्रतिमा विसर्जन के लिये ग्राम की महिलाएं माताएं और छोटी कन्याओं ने एक कलशयात्रा निकाली। जो दुर्गा जी की झांकी के साथ पैदल नगर भ्रमण में शामिल थी। जगह-जगह आतिशबाजी और गुलाल उंडेलकर जयकारा लगाते भक्त इस विसर्जन कार्यक्रम में भक्ति के रंग में सराबोर नजर आये। 11 गाड़ियों और 50 बाइक पर सवार होकर भक्तगण विसर्जन के इस काफिले में शामिल हुए। इस दौरान कुआकोंडा पुलिस यातायात व्यवस्था दुरुस्त करने में लगी थी।



### ढोल ने किया कमाल

बंगीय समाज ट्रेडिशनल ढोल समिति के सदस्यों ने मंगवाया था। 60 महिलाओं और पुरुषों का जत्था लगातार ढोल की थाप बजा रहे थे। इस ट्रेडिशनल ढोल को बजाने पहुंची टीम ने पारंपरिक वेशभूषा धोती कुर्ता और सफेद लाल पट्टी की साड़ी पहनी महिलाएं बेहद ही आकर्षक लग रही थी। विदित हो कि इस विसर्जन में पहली बार इतनी धूम नजर आई, जहां दुर्गा मां को विदाई देने पूरा गांव पहुंचा था।



### नदी तट पर हुई आरती

विसर्जन से पूर्व विशेष पूजा-अर्चना ग्राम पुरोहित पंडित सुनील मिश्रा ने किया। इसके उपरांत सभी महिलाओं ने एक-एक करके नदी की बीच धार में कलश प्रवाहित किया। फिर मां दुर्गा की प्रतिमा जयकारों की गूंज के साथ नवयुवकों ने गहरे जल में प्रवाहित कर दिया।

## बुनकरों के तैयार हैंडलूम उत्पाद किए जा रहे पसंद




हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर मड़ई 2024 के उपलक्ष्य में शनिवार से सरस मेले और विभागीय प्रदर्शनी का शुभारंभ लाल बाग मैदान में हुआ। दशहरा के बाद सरस मेले में लोगों की भीड़ उमड़ने लगी है। मेले में हथकरघा कार्यालय जगदलपुर का भी विभागीय प्रदर्शनी सह विक्रय का आयोजन किया जा रहा है। प्रदर्शनी प्रभारी रमेश कुमार ने बताया कि स्टाल नंबर 22 विभागीय प्रदर्शनी है, जबकि 23 से 26 विक्रय केंद्र है, जहां प्रदेश भर से आये हुए बुनकरों द्वारा हैंडलूम के उत्पाद कपड़ों की बिक्री सामान्य दर पर की जा रही है। इसे लोगों का भी अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। वे बढ़-चढ़कर हैंडलूम की खरीदारी कर रहे है।

■ दशहरा में सरस मेले में उमड़ी लोगों की भीड़

## सिंदूर खेला उत्सव में निखरे रंग...







**जगदलपुर।** शारदीय दुर्गोत्सव के तहत रविवार को मैत्री संघ परिसर में बंगाली परिवार की महिलाओं द्वारा सिंदूर खेला कार्यक्रम आयोजित किया गया। समाज ने अनूठी परंपरा का निर्वहन करते हुए मां दुर्गा के दरबार में रविवार प्रातः महाआरती कर विसर्जन कार्यक्रम आयोजित किया। विजय दशमी के अवसर पर बंगाली समाज की महिला और पुरुषों ने पारंपरिक पोशाक में माता दुर्गा जी की दशमी की पूजा-अर्चना की, एक-दूसरे को मीठा खिलाकर शुभ विजया की शुभकामनाएं दी। महिलाओं ने हर्ष उल्लास के साथ ढ़ाकी की ताल पर नृत्य कर सिन्दूर खेला का उत्सव मनाया। माता दुर्गा को सिन्दूर दान कर अमर सुहाग की कामना की।

## माता की विदाई में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़



**भानपुरी।** नवरात्र के नौ दिनों तक स्थापित मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन रविवार को किया गया। ढोल बाजे और रंग गुलाल, फटाकों के बीच भक्तिमय वातावरण में करंदोला के भक्तों ने माता की विदाई की।

नवरात्र पर्व के आयोजन को लेकर मां दुर्गा समिति करंदोला भानपुरी के द्वारा माता शीतला मंदिर प्रांगण में विधिवत मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित किया गया था। जहां ग्रामीणों के सहयोग से एक शानदार आयोजन किया जाता है। गुरूवार को हवन भंडारे के बाद रावण दहन कार्यक्रम रखा गया था। नौ दिनों तक पूरा क्षेत्र भक्तिमय बना रहा। हर मंदिर में भव्य आयोजन किया गया था। नृसिंह मंदिर मुरकुची, दंतेश्वरी मंदिर केशरपाल व शीतला माता मंदिर भानपुरी में आकर्षक साज-सज्जा किया गया था। अंतिम दिवस मां दुर्गा की प्रतिमा का विसर्जन स्थानीय तालाब में बड़े ही धूम-धाम से संपन्न हुआ। राजमार्ग में रैली के दौरान भानपुरी पुलिस भी व्यवस्था में लगी रही। देर शाम विसर्जन कार्यक्रम संपन्न हुआ।

NX MODULAR KITCHEN Galaxy NX
/KitchenGalaxyNXModular
स्पॉट बुकिंग पर 2 ग्राम सोने का सिक्का फ्री
इस त्योहार बनाएं मॉड्यूलर किचन, आकर्षक ऑफर्स के साथ
Gift hamper up to 15000/-*
₹ 55,000 ₹ 95,000 ₹ 1,50,000
C-4, Sector-1, Devendra Nagar, Near City Center Mall, Raipur 9977115597, 8319076661

Health Town
K'sagar's श्रेयन आयुर्वेद व पंचकर्म चिकित्सालय
श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुवैद, स्वथ्य जीवन का राज)
वैद्य- डॉ. पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob: 9111922122, 9111912122, 0771-3558564
पता :- B-22, जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)

राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(22 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
न्यूरो-पंचकर्मा चिकित्सा केन्द्र, रायपुर मो. 9039050422, 91794 55561
डॉ. के.बी. श्रीनिवास राव
INTL Ayurvedic Consultant
राज्य अलंकरण अवार्ड से सम्मानित
• स्लीप डिस्क, आर्थराइटिस • Back Pain, सायटिका • जोड़ो में दर्द, मांसपेशियों में दर्द
• जकड़न (Stiffness) व नशों का दबना • टेंडन एवं लिगामेंट इंजरी • सर दर्द, पॅरालिसीस • स्पांडिलाइटिस • गठिया रोग
अशोक विहार, स्ट्रीट नंबर 5, सरस्वती दाल मिल के सामने, मंडी गेट के सामने, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, बिलासपुर रोड, फाफाडीह रायपुर।

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771- 4242213, 7987119756, 9303508130

## पर्व : असत्य पर सत्य की जीत का पर्व दशहरा हर्षोल्लास के साथ मनाया गया

# श्रीरामलीला में युद्ध प्रसंग का मंचन फिर रावण का वध और विजयादशमी में जमकर की आतिशबाजी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भानुप्रतापपुर

हाई स्कूल ग्राउंड में विजयी दशमी पर रावण दहन और आतिशबाजी की गई। इस मौके पर अतिथियों के द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वालों का मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। राम-रावण की युद्ध का मंचन किया गया। इसके बाद अतिथियों के द्वारा रावण दहन किया गया। डेनियल पददा द्वारा पेंटिंग का प्रदर्शन किया गया। मार्तण्ड राजपूत आर्केस्ट्रा के द्वारा गानों की प्रस्तुति दी गई। मुख्य अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष हेमंत ध्रुव ने कहा विगत 5 सालों में सुनील पाढ़ी की टीम ने विकास किया है। आवागमन के साधन बड़ी है। यह आयोजन कराते है। सभी को जोड़ा है। जो समाज के विभिन्न क्षेत्रों में काम किया उन्हें सम्मान किया गया।आज हम सभी अपने अंदर की बुराई को दूर करना है। रावण में अहम था जो ले डूबा जब आदमी का अहंकार होता है तो उसका अंत होता है।

■ मार्तण्ड राजपूत के आर्केस्ट्रा के गीतों ने किया मनोरंजन, उल्लेखनीय कार्यों के लिए लोगों को किया सम्मानित





### रावण इच्छा से युक्त और राम इच्छा से मुक्त

*अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप पटेल ने कहा इस विजयी दशमी पर सायबर क्राइम रूपी रावण को हराना है ।अपने बुद्धि जागरूकता से ही इस सायबर क्राइम को हरा सकते है। चार चीज है मन का लालच, फोन लाटरी, लिंक से लालच दी जाती है । भय सायबर क्राइम कराने वाला डर दिखता है। गलत काम किये हो जेल हो जाएगा। और शर्म भी सायबर क्राइम और चौथा तरीका यूपीआई, नेफ्ट परपिन न डाले। जब भी कोई सायबर क्राइम से ठगी हो जाये तो तत्काल 1930 में शिकायत दर्ज कराए।ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष बीरेंद्र सिंह ठाकुर ने कहा रावण दस सिर के बराबर बल से सर्वश्रेष्ठ थे। रावण इच्छा से युक्त थे। राम इच्छा से मुक्त है। अपने जेहन में राम को रखना। प्रदेश कांग्रेस के सचिव जनक नन्दन कश्यप ने रावण दहन का मुख्य उद्देश्य बुराई को जलाना है। अपने अंदर की बुराई को जलाना है। इस अवसर पर विजय धामेचा, कमलेश गावड़े, नरेंद्र कुलदीप, मनीष टेम्पा योगी, पंकज वाधवानी, चंद्रकुमार क्रतझरे, भगवान कुंजाम, राजिन्दर रंधावा, मनीष साहू, संजू गावड़े, दीपक गजेंद्र , अमर कचलाम, किरण डोंगरे, सीमा सेन, बब्बू ठाकुर, मुकेश चन्द्राकर, हितेश तिवारी, निकेश अनुराग शर्मा, रवि गोपाल, गणेश मिश्रा, तुला साहू, तुषार ठाकुर, नमन जैन, त्रिलोक चोपड़ा आदि उपस्थित थे।*

अपनी ताकत का उपयोग गरीबों की उथान में लगाये। नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील पाढ़ी ने कहा यह मानव जीवन में संदेश दिया है कि अहंकार बुराई करने वालों का हाल हमारे सभी साथी जिन्होंने सभी हमारे प्रायोजक धन्यवाद पूरा परिवर्तन पहली बार ऐसे हुआ । परिवहन संघ ने नगर को एम्बुलेंस दिया, स्वर्ग रथ दिया जो गरीब मरीजों को सुविधा मिल रही है।

### उल्लखनीय कार्यो के लिए किया गया सम्मान

नगर के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यो के लिए भानुप्रतापपुर परिवहन संघ के रिम्पी ढींडसा, हेल्प एवरी वन, समाज सेवा के लिए अंबिका प्रसाद सोनी, खुली किताब में सेवा के लिए अशोक योगी, आपतकाल में तत्पर रहने वाले महेंद्र मंडावी, यातायात के लिए सन्नो बोगा, शर्मिला सलाम, श्यामबत्ती को सम्मानित किया गया। वही शिक्षकीय कार्य के लिए केवटी के प्रधान अध्यापक केआर खड़हे, संध्या घोष, नैरीति कदम, विकास तिवारी, खेल के क्षेत्र में सम्बंलपुर कई रिखीराम साहू। दसवीं बोर्ड में तान्याश्री मंधरिया, 12 वीं बोर्ड में राज्य स्तर में स्थान आने आले निधि गोगड़, संगीत में अनीता मंडल, नगर के स्वच्छता दीदियों को सम्मानित किया गया।

# चारामा में दशहरे की धूम रिमोट से किया रावण वध

हरिभूमि न्यूज ▶▶| चारामा

विकासखंड चारामा के आसपास के कई ग्रामों में इस वर्ष दशहरा उत्सव धूमधाम से मनाया गया। विभिन्न स्थानों पर रावण वध का आयोजन किया गया, जिसमें कुछ जगहों पर इलेक्ट्रॉनिक तरीके से रावण वध कर उत्सव को धूमधाम से मनाया।

■ इलेक्ट्रॉनिक तरीके से रावण पुतला जलाया



विकासखंड के कई ग्रामों में सांस्कृतिक कार्यक्रमों की धूम रही, जिसमें नृत्य, गायन, और लोक कला का प्रदर्शन किया गया। इन कार्यक्रमों ने स्थानीय ग्रामीणों को अपनी सांस्कृतिक धरोहर से जोड़ने का काम किया। इसके अलावा, नाटक के माध्यम से रामायण की प्रमुख घटनाओं का जीवंत प्रस्तुतीकरण किया गया, जिसमें भगवान राम की अयोध्या से लेकर लंका विजय तक की यात्रा को रोचक ढंग से दिखाया गया। इलेक्ट्रॉनिक रावण वध ने दर्शकों का विशेष ध्यान आकर्षित किया, जिसमें आधुनिक तकनीक के जरिए रावण का पुतला जलाया गया। यह तकनीकी नवाचार न केवल परंपरा का सम्मान करता है, बल्कि सुरक्षा और पर्यावरण संरक्षण की दृष्टि से भी महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस अवसर पर स्थानीय नेताओं और गणमान्य व्यक्तियों की उपस्थिति ने उत्सव की भव्यता को और बढ़ाया। आयोजन समितियों ने इस पूरे कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया और क्षेत्रवासियों ने इसे बड़े उत्साह और उमंग के साथ मनाया।




सभी बीमारियों में तुरंत आराम के लिए
तुलसी आयुर्वेदिक चिकित्सालय
तुलसी निवास, बस स्टैंड के पीछे, उपाध्याय नर्सिंग होम के सामने, धमतरी (छ.ग.) मो. 9993010732
वात रोग, सभी प्रकार के दर्द, गठियावात, सायटिका, झुनझुनीवात, कमर दर्द, घुटना दर्द, अकड़न, नस रोग, लकवा रोग का इलाज
चर्मरोग - दाद, खुजली, बेमची, मुंह में छाला होना, अल्सर, कैंसर
पेट रोग - कब्ज, गैस, भूख न लगना, खट्टी डकार आना, पेट में दर्द होना
बवासीर - मस्सा होना, खून निकलना, खुजली होना, दर्द होना
पुरूष रोग - धातुस्राव, शीघ्रपतन, शुक्राणु की कमी, कमजोरी
स्त्री रोग - लाल, सफेद पानी आना, बच्चादानी में गांठ, मासिक रुकावट
बुखार, सर्दी-खांसी, स्वांस-दमा, केश रोग व दांत रोग का ईलाज

# रामलीला के मंचन में बाल कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुति से दर्शक हुए गदगद

**बनसागर।** विकास खण्ड नरहरपुर अन्तर्गत ग्राम पंचायत बनसागर में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी दशहरा पर्व के उपलक्ष्य में रामलीला का आयोजन किया गया दो दिवसीय रामलीला का आयोजन ग्राम वासियों एवं रामलीला मंडली समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया था रामलीला आयोजन में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष में रामायण के प्रमुख काड बालकांड, किष्किंधा कांड आरिडिया कांड लंका कांड, सुंदरकांड, लव कुश कांड एवं अन्य रामचरित्र मानस के ग्रामीण पत्र के द्वारा राम, लक्ष्मण, सीता, भरत, शत्रुघ्न, हनुमान, बाली, सुग्रीव, रावण, मेघनाद, कुंभकरणजामवंत के पात्र के रूप में अपना प्रदर्शन प्रस्तुति किया गया। आयोजन समिति के वरिष्ठ सदस्य रामकृष्ण पटेल, सूरजलाल वट्टी, रमेश कुमार साहू ने बताया कि बनसागर में रामलीला 72 साल से



रामलीला का आयोजन किया जा रहा है, जो कि अनवरत चलते आ रहा है। यहां प्रतिवर्ष बाल कलाकारों एवं वरिष्ठ कलाकारों के द्वारा रामलीला का मंचन किया जाता है और परंपरागत रूप से वर्षों से आयोजन समिति के तत्वाधान में ग्राम वासियों का एवं आसपास के लोगों का मनोरंजन करते हैं, जिसमें प्रमुख पात्र ग्राम के निवासी होते हैं और वर्षों से रामलीला का मंचन ग्राम के सामुदायिक भवन में आयोजन करते है। रामलीला आयोजन समिति के कृष्ण मंडावी, रमेश साहू, बुधु राम सुरोजिया, रामजीवन पटेल, वेद कुमार साहू ,चेतन पड़ोटी कपिल देव वट्टी, भक्तु राम साहू, रेनलाल चक्रधारी, विजय नेताम, मिलक राम वट्टी, बनवाली राम नेताम, रामदयाल वट्टी, मानसाय नेताम, रविन्द्र यादव, किशन कुंजाम, श्रवण कुमार साहू, राजेंद्र चक्रधारी बाबूलाल गंजीर, भानुराम नेताम, रोहित साहू ,उमेश कुमार साहू, संजीव कुमार पटेल, गोपी सेन, पुनीत कुंजाम, राजकुमार निषाद, मनसुखा निषाद, फरसु राम नेताम, अहिलु राम सलाम कल्याण सिंह कुंजाम एवम समस्त ग्राम वासियों सहयोग रहा।

